
# Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# जो जिला सहकारी बैंक उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगा उसे पुरस्कृत किया जायेगा

**बैठक**

## दून विश्वविद्यालय के सभागार में सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

**संवाददाता**

देहरादून। सहकारिता, उच्च शिक्षा, दुग्ध विकास और प्रोटोकॉल मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की अध्यक्षता में दून विश्वविद्यालय के सभागार में सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें गढ़वाल मंडल के सहकारी बैंक एवं समितियों के समस्त पदाधिकारि एवं अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में सहकारिता मंत्री डॉ रावत ने समीक्षा बैठक के दौरान कई अहम बिंदुओं चर्चा की। इस दौरान मंत्री डॉ रावत ने कहा जो जिला सहकारी बैंक उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगा उसे प्रदेश स्तर पर पुरस्कृत किया जायेगा। जिसके लिए एक समिति का गठन कर प्रदेश भर के बैंकों व समितियों का वार्षिक अवलोकन किया जायेगा।

बैठक में सहाकारिता मंत्री ने संचालक मंडल का यात्रा भत्ता एवं सिटिंग एलाउंस में बढ़ोत्तरी करते हुए एकरूपता लाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। इसके अलावा डॉ रावत ने सहकारिता बैंक और समितियों को और अधिक लाभ अर्जित करने के लिए संचालन मंडल सहित प्रत्येक पदाधिकारी एवं अधिकारियों की जिम्मेदारी नियत करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने कहा कि बैंक सचिवों व आंकिकों का कैडर निर्धारित किया जायेगा जिसके लिए उन्होंने अधिकारियों को नियमावली तैयार कर प्रस्ताव कैबिनेट में रखने के लिए निर्देश दिये। सहकारिता मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पूरे प्रदेश में सहकारिता बैंके के 50 भवनों के लिए धनराशि देगी। इसके लिए बैंकों व सहकारी समितियों को आपसी समन्वय से समिति की उपलब्ध जमीन पर बैंक भवन का निर्माण किया जायेगा। जिनका रंग और स्वरूप पूरे प्रदेश में एक जैसा होगा। बैठक में डॉ धन सिंह रावत सहकारिता बैंक और समितियों के पदाधिकारी और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि वह अपनी कार्यशैली में परिवर्तन लाये। बैठक में विभागीय सचिव आर. मिनाक्षी सुंदरम ने योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सहकारिता की उन्नति के लिए राजनीतिक और विभागीय मार्गदर्शन जरूरी है। उन्होंने बताया कि राज्य में सहकारिता क्षेत्र की स्थिति पिछले तीन वर्ष में काफी बेहतर हुई है जिसका श्रेय उन्होंने डॉ रावत को दिया। उन्होंने बैंक और समिति के अधिकारी और पदाधिकारियों को टारगेट पूरे करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने बताया कि सहकारिता के जरिये अब पर्वतीय उत्पादों का एमएसपी तय की जायेगी जिसका लाभ प्रदेश के किसानों को मिलेगा।

विभागीय सचिव ने बताया कि प्रदेश में आर्गेनिक एक्ट लागू कर दिया गया है जिसके लिए चयनित विकासखंडों में सहकारिता विभाग द्वारा बायोफर्टीलाइजर का विपणन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कुछ स्थानों पर सामूहिक खेती का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया था जिसके काफी अच्छे नतीजे मिले।



## एसएमजेएन में मनाया गया विज्ञान दिवस, विज्ञान की अबतक की प्रगति पर हुई संगोष्ठी



**संवाददाता** हरिद्वार। एसएमजेएन पीजी कॉलेज में उत्तराखण्ड विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान केन्द्र (यू.सर्क) देहरादून के संयुक्त तत्वावधान में 'राष्ट्रीय विज्ञान' दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार बत्रा ने छात्र–छात्राओं को सम्बोधित करते हुए विज्ञान की अबतक की प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से प्रगतिशील विज्ञान ने हम सभी का जीवन सरल बनाया है। उन्होंने बताया कि विज्ञान के अनुसंधानों का प्रयोग मानवता के सतत् विकास एवं पर्यावरण के अनुकूल किया जाना चाहिए।

विकास की अवधारणा आधारित आविष्कारों का प्रयोग हीं मानव जाति के लिए वरदान साबित हो सकता है। डॉ. बत्रा ने कहा कि पॉलीथीन के दुरुपयोग से सम्पूर्ण विश्व त्रस्त है। इसके साथ ही उन्होंने विज्ञान के दुरुपयोग से उत्पन्न हो रही पर्यावरणीय समस्याओं को भी समझाया। कार्यक्रम के तकनीकी सत्र में वृत्त–चित्र के माध्यम से प्रदूषण व उसके समाधान को वैज्ञानिक तरीकों से समझाया गया।

## न्यूज डायरी

### जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ''दिशा'' की बैठक आयोजित की

**संवाददाता** देहरादून। मंथन सभागार में क्षेत्रीय सांसद एवं केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री डॉ रमेश चन्द्र पोखरियाल निशंक की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ''दिशा'' की बैठक आयोजित की गयी। इस अवसर पर स्मार्ट सिटी, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, दीनदयाल ग्रामीण कौशल विकास योजना, सर्व शिक्षा अभियान, मध्यान्ह भोजन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल मिशन, बेटी बचाओ–बेटी पढाओ योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना, स्वच्छ भारत मिशन, पी.एम.जी. एस.वाई, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण, दीनदयाल अन्त्योदय योजना समेत कई अन्य केन्द्रीय पोषित एवं वाह्य सहायतीत योजनाओं की समीक्षा की गयी।

### डीएम के निर्देशानुसार कई मीट की दुकानों मे छापेमारी की

**संवाददाता** हल्द्वानी। जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देश पर सिटी मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिह व उपजिलाधिकारी विवेक राय ने खाद्य व पुलिस टीम के साथ मंगलपडाव क्षेत्र में कई मीट की दुकानों मे छापेमारी की। छापेमारी दौरान उन्होने बिना लाइसैंस मीट बेच रहे एक दर्जन से ज्यादा दुकानो का कोर्ट चालान काटा साथ ही दुकानों मे पालीथीन मिलने पर भी 45 हजार रूपये का नगद जुर्माना वसूला गया। सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा छापेमारी की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। छापेमारी में अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा बीरेन्द्र सिह बिष्ट,खाद्य सुरक्षा अधिकारी कैलाश चन्द्र टम्टा, नन्दकिशोर, राजेश कुमार शर्मा,तहसीलदार पीआर आर्या व नगर निगम के अमोल सिह आदि मौजूद थे।

### कांग्रेसियों ने की नशे की बिक्री पर रोक लगाने की मांग

**संवाददाता** हरिद्वार। मायापुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि कश्यप के नेतृव में कांग्रेसजनों ने हरकीपैड़ी चौकी प्रभारी अरविंद रतूड़ी को ज्ञापन देकर हर की पौड़ी क्षेत्र में बिक रहे नशीले पदार्थों पर रोक लगाने की मांग की। इस मौके पर रवि कश्यप ने कहा कि हरिद्वार में हरकी पैड़ी विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है जोकि धार्मिक भावनाओं को से जुड़ा हुआ है। ऐसे पवित्र स्थान पर नशीले पदार्थों की बिक्री व सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध होना चाहिए। इसलिए हरकी पैड़ी चौकी प्रभारी के माध्यम से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर मांग की जाती है कि जल्द से जल्द हरकी पैड़ी के आसपास समस्त क्षेत्र में बिक रहे अवैध नशे के पदार्थों के बेचने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए।

# सीएस ने दिए हरिद्वार के चिकित्सा क्षेत्र में आए संकेताकों में गिरावट पर सुधार के निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। सचिवालय सभागार में मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रदेश के आकांक्षी(एस्पिरेशनल) जनपदों हरिद्वार एवं ऊधमसिंहनगर की वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयुक्त एवं जनपद हरिद्वार, ऊधमसिंहनगर के जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने माह दिसम्बर, 2019 में हरिद्वार के चिकित्सा क्षेत्र में आए संकेताकों में गिरावट पर चर्चा करते हुए इसमें सुधार के निर्देश जिलाधिकारी हरिद्वार सी. रविशंकर को दिए। उन्होंने चिकित्सा व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए जिलाधिकारी हरिद्वार को अपने स्तर पर संविदा में रिक्त ए.एन.एम. के पद भरने के भी निर्देश दिए तथा महानिदेशक चिकित्सा को ए.एन.एम. के नियमित पदों पर नियुक्ति की कार्रवाई चलाने के निर्देश दिए।

सुधार की पर्याप्त संभावनाओं पर नियमित समीक्षा करने के निर्देश

मुख्य सचिव ने गढ़वाल मण्डल आयुक्त रविनाथ रामन को जनपद हरिद्वार के चिकित्सा, कृषि, कौशल विकास के क्षेत्रों में सुधार की पर्याप्त संभावनाओं पर नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने वित्त सचिव अमित सिंह नेगी को आकांक्षी जनपदों हरिद्वार एवं ऊधमसिंहनगर को 01–01 करोड़ की अतिरिक्त धनराशि विवेकाधीन कोष के रूप में जारी करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी हरिद्वार एवं ऊधमसिंहनगर द्वारा इस जारी धनराशि में आवश्यकतानुसार व्यय हेतु जिलाधिकारियों को स्वायत्तता प्रदान करने का अनुरोध किया गया, जिसपर मुख्य सचिव द्वारा विचार का आश्वासन दिया गया।

जिलाधिकारी हरिद्वार सी. रविशंकर तथा डीएम ऊधमसिंहनगर नीरज खैरवाल द्वारा गत माहों में आकांक्षी जनपदों द्वारा विभिन्न सेक्टरों में बेहतर प्रदर्शन के कारण भारत सरकार से प्राप्त प्रोत्साहन राशि उपयोग किये जाने की प्रास्थिति पर भी चर्चा हुई। ज्ञातव्य है कि प्रोत्साहन राशि के रूप में भारत सरकार द्वारा हरिद्वार जनपद को रू0 07 करोड़ तथा ऊधमसिंहनगर को रू0 03 करोड़ स्वीकृत किये गये थे। दोनो जिलाधिकारियों द्वारा बेहतर परफामैंस के लिए फ्रंटलाईन कार्मिकों की भर्ती में स्वायत्ता प्रदान करने का अनुरोध किया गया।

## एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया

**संवाददाता** देहरादून। एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं प्रदेश में युवा और छात्र छात्राओं की विभिन्न प्रकार की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। यहां एनएसयूआई के कार्यकर्ता जिलाधिकारी कार्यालय में इकटठा हुए और वहां पर विभिन्न प्रकार की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया और इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश में युवा एवं छात्र छात्राओं की का सामना कर रहा है जिनका समाधान किया जाना अति आवश्यक है। एनएसयूआई प्रदेश के छात्र छात्राओं एवं युवाओं की मुख्य समस्याओं का समाधान न होने पर व्यापक स्तर पर आंदोलन चलायेगा। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित फॉरेस्ट गार्ड भर्ती परीक्षा जिस प्रकार से धांधली की भेंट चढ़ गई है उसके खिलाफ एनएसयूआई वन मंत्री डॉ हरक सिंह रावत के इस्तीफे की मांग लगातार करती आ रही है और अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष एस राजू को उनके पद से हटाने की मांग की जा रही है।